TDC Odd Semester Exam., 2020
held in July, 2021

HINDI

(Modern Indian Language)

(3rd Semester)

Course No. : HINL–301

(Hindi Bhasha Aur Rachana)

Full Marks : 50
Pass Marks : 17

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 10

(क) इंटरनेट : लाभ और हानि

(ख) राजभाषा हिन्दी का महत्त्व

(ग) विद्यार्थी और अनुशासन

(घ) आतंकवाद की समस्या

(ङ) समाज और साहित्य

2. (क) औपचारिक पत्र का क्या महत्त्व है? औपचारिक पत्र-लेखन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 10

अथवा

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रपत्र की विशेषताएँ लिखते हुए उसका प्रारूप लिखिए :

(i) आदेश-पत्र

(ii) स्मरण-पत्र

(iii) परिपत्र

(iv) अधिसूचना

3. (क) पारिभाषिक शब्दावली की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 10

अथवा

(ख) पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के प्रमुख सिद्धांतों को लिखिए।

4. (क) *(i)* संक्षेपण के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

(ii) उपयुक्त शीर्षक देकर अधोलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

जिसे भारतीय संस्कृति कहा जाना चाहिए वह आज भारतीय मानसिक क्षितिज में क्रियाशील नहीं है। आज एक प्रकार की अव्यवस्थित व्यावसायिक संस्कृति व्याप्त है जिसकी जड़ शायद यूरोप में है। भारतीयों के सार्वजनिक व्यवहार में गुरु-शिष्य-संबंध का भी तदनुरूप परिवर्तन हो गया है। यहाँ गुरु

वेतनभोगी नहीं होते थे और न शिष्य को ही शुल्क देना पड़ता था। पैसा देकर विद्या खरीदने की यह क्रय-विक्रय पद्धति निस्संदेह इस भारतीय मिट्टी की उपज नहीं है। यहाँ शिक्षणालय एक प्रकार के आश्रम अथवा मंदिर के समान थे। गुरु को ईश्वर का रूप समझा जाता था। शिष्य पुत्र से अधिक प्रिय होते थे। यहाँ सम्मान मिलना ही शक्ति पाने का रहस्य रहा है। प्राचीन काल में गुरु की शिक्षा-दान क्रिया उनका आध्यात्मिक अनुष्ठान था, परमेश्वर-प्राप्ति का उनका वह एक माध्यम था। वह आज पेट पालने का जरिया बन गई है।

(ख) *(i)* अच्छे पल्लवन की विशेषताओं को लिखिए। 5

अथवा

(ii) निम्नलिखित में से किसी **एक** को पल्लवित कीजिए :

1. पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।
2. आचरण सज्जनता की कसौटी है।
3. जहाँ चाह, वहाँ राह।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) वर्तनी शुद्धि के दो नियम लिखिए।

(ख) अल्पविराम के प्रयोग को उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) 'ऐ' और 'ये' के प्रयोग के दो नियम बताइए।

(घ) 'व' और 'ब' का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वर्ण संबंधी अशुद्धियों के दो उदाहरण दीजिए।

(च) हिन्दी के पदक्रम का सही रूप लिखिए :

क्रिया+कर्म+कर्ता

(छ) 'ई' और 'यी' के प्रयोग के दो नियम लिखिए।

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) सबों का यही मत है।

(ii) राम ने रोटी खाया।

(iii) यहाँ कई संस्थाएँ काम कर रहे हैं।

(iv) तुम्हें परस्पर एक दूसरे से नहीं झगड़ना चाहिए।

(झ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) अध्यन

(ii) आशिर्वाद

(iii) ओद्योगिक

(iv) निश्फल

(ञ) अनुस्वार के प्रयोग के दो उदाहरण दीजिए।

★ ★ ★